भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2612

उत्तर देने की तारीख 11 अगस्त, 2023

आंध्र प्रदेश में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी

2612. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश के 1700 से अधिक गांवों में कोई मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं है और 3000 गांवों में 4जी नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं है;

(ख) यदि हां, तो मोबाइल कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता के क्या कारण हैं;

(ग) आंध्र प्रदेश में नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करने और उसमें सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और इसके लिए जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार के पास उन सेवाओं के लिए सार्वजनिक सेवा वितरण प्रदान करने के लिए कोई वैकल्पिक तंत्र है जो वर्तमान में केवल ऑनलाइन उपलब्ध हैं?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री

(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (घ) विगत 9 वर्षों में आंध्र प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) में बीटीएस की संख्या वर्ष 2014 में 53,852 से बढ़कर वर्ष 2023 में 2,03,683 हो गई है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में जून, 2023 तक 2,15,722 किमी ओएफसी को बिछाया गया है। मार्च, 2022 तक दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी), दूरसंचार विभाग की फील्ड यूनिट और राज्य सरकारों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आंध्र प्रदेश के 17,328 गांवों (गांवों की संख्या नवंबर, 2019 तक भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार है) में से 14357 गांवों को मोबाइल कनेक्टिविटी से कवर किया गया है जिनमें से 14159 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध है।

सरकार आंध्र प्रदेश सहित देश के गांवों में मोबाइल कवरेज उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्कीम कार्यान्वित कर रही है। विभिन्न यूएसओएफ परियोजनाओं के तहत, आंध्र प्रदेश के सेवा से वंचित गांवों में 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जा रही है। इन परियोजनाओं के तहत 36,801 4जी मोबाइल टावरों (2जी/3जी टावरों के उन्नयन सहित) की 35,381 करोड़ रूपए के कुल व्यय के साथ देश के 44,000 से अधिक गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराया गया है जिनमें से लगभग 4,926 गांव आंध्र प्रदेश के हैं।

*****